## न्यूज डायरी



### अमेरिकी गृह मंत्रालय का बड़ा फैसला, चीन निर्मित ड्रोन के इस्तेमाल पर लगाई रोक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। चीनी इलेक्ट्रॉनिक्स को लेकर अमेरिकी सुरक्षा चिंताओं के बीच अमेरिका के गृह मंत्रालय ने अपने बेड़े के चीन निर्मित ड्रोनों की उड़ान पर रोक लगाने की घोषणा की है। अमेरिकी गृह मंत्रालय के प्रवक्ता निक गुडविन ने यह निर्णय लेने के पीछे का कोई कारण नहीं बताया। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री डेविड बर्नहार्ट ने जांच के आदेश दिए हैं। गुडविन ने कहा कि जांच पूरी होने तक, मंत्री ने चीन निर्मित ड्रोन या चीन निर्मित पुर्जों वाले ड्रोन की उड़ान पर रोक लगा दी है। गुडविन ने कहा कि ऐसे ड्रोनों को छूट दी जाएगी, जिनका उपयोग आपातकालीन उद्देश्यों जैसे कि जंगल में आग के दौरान, खोज एवं बचाव और प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए किया जा रहा है। कार्यक्रम से संबंधित सूत्रों के अनुसार गृह मंत्रालय के पास 810 ड्रोन का बेड़ा हैं, जिनमें से लगभग सभी का निर्माण चीन की कम्पनियों ने किया है।

### अमेरिकी संसद में सिखों के योगदान पर प्रस्ताव पेश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव की 550वीं जयंती के मौके पर अमेरिका में सिख समुदाय के योगदान तथा बलिदान और देश एवं दुनियाभर में उनके साथ हुए भेदभाव को रेखांकित करने के लिए अमेरिकी संसद में प्रस्ताव पेश किए गए हैं। सीनेटर टॉड यंग और बेन कार्डिन द्वारा गुरुवार को पेश किए प्रस्तावों में से एक में 12 नवंबर को गुरु नानक देव की 550वीं जयंती के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व का जिक्र है। यंग ने कहा, यह प्रस्ताव अमेरिकी सिखों का सम्मान करता है, जो हमारे राष्ट्र की समृद्ध संस्कृति और विविधता का अभिन्न हिस्सा हैं। इंडियाना 10,000 से अधिक सिखों का घर है और मैं उनके सम्मान में पहला प्रस्ताव पेश कर गौरवान्वित हूं।

### बीमार चल रहे नवाज शरीफ की सेहत में आया सुधार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की सेहत में सुधार के संकेत मिले हैं क्योंकि उनका प्लेटलेट काउंट बढ़कर 51,000 पर पहुंच गया है। बहरहाल, मीडिया में शुक्रवार को आई एक रिपोर्ट के अनुसार उनका रक्त चाप और मधुमेह का स्तर अब भी उच्च बना हुआ है। मेडिकल बोर्ड ने बृहस्पतिवार को पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज (पीएमएल–एन) के 69 वर्षीय नेता की जांच की। उन्हें यहां सर्विसेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉन अखबार के अनुसार, शरीफ के प्लेटलेट बृहस्पतिवार को 35,000 से बढ़कर 51,000 हो गए जो उनकी सेहत में सुधार को दिखाता है। तीन बार प्रधानमंत्री रहे शरीफ को पाकिस्तान के भ्रष्टाचार रोधी निकाय की हिरासत से सोमवार रात को अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी प्लेटलेट 2,000 तक गिर गए थे। अखबार ने बताया कि शुरुआत में शरीफ अस्पताल जाने के लिए तैयार नहीं थे लेकिन जब उनके छोटे भाई शहबाज शरीफ ने उन्हें मनाया तो वह सर्विसेज अस्पताल में इलाज कराने पर राजी हो गये।

### श्रीलंका के राष्ट्रपति चुनाव में 16 दलों ने महिंदा राजपक्षे को दिया समर्थन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलंबो। श्रीलंका के 16 राजनीतिक दलों ने राष्ट्रपति चुनाव में श्रीलंका पोदुजना पेरामुना (एसएलपीपी) के उम्मीदवार महिंदा राजपक्षे को समर्थन देने का एलान किया है। इन दलों में राष्ट्रपति मैत्रिपाल सिरिसेन की श्रीलंका फ्रीडम पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ श्रीलंका और नेशनल कांग्रेस भी शामिल हैं। 16 दलों के समर्थन के बाद नए गठबंधन को एसएलपीएफए नाम दिया गया है। शुक्रवार को नए गठबंधन की घोषणा के साथ राजपक्षे ने चुनाव में अपनी जीत का दावा किया। पिछले चुनाव के मतों का हवाला देते हुए राजपक्षे ने कहा, एसएलपीएफए बनाने में साथ आए 17 दलों के एकजुट होने से हमें करीब 56 प्रतिशत मत मिलना तय है। इससे हमारी जीत सुनिश्चित है। राष्ट्रपति चुनाव में कुल 35 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं। लेकिन मुख्य मुकाबला देश के पूर्व रक्षा मंत्री गोतबाया राजपक्षे और सत्तारूढ़ यूएनपी के उपनेता सजित प्रेमदासा के बीच है।

# इस्लामाबाद में मौलाना के नेतृत्व में जुटे प्रदर्शनकारी

**प्रदर्शन**

## इमरान खान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं प्रदर्शनकारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे एक प्रभावशाली धर्मगुरु एक विशाल रैली के लिए शुक्रवार को यहां पहुंचे। प्रदर्शनकारी इमरान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। दक्षिणपंथी जमीयत उलेमा ए इस्लाम फजल के प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान ने 27 अक्टूबर को अन्य विपक्षी दलों के नेताओं के साथ दक्षिणी सिंध प्रांत से आजादी मार्च की शुरुआत की है। ये लोग खान पर 2018 के आम चुनावों में गड़बड़ी करने का आरोप लगाते हुए उनसे इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।

**इमरान खान पर लगाया चुनाव में धांधली का आरोपः** उन्होंने प्रधानमंत्री पर अर्थव्यवस्था के कुप्रबंधन, अक्षमता और कुप्रशासन का आरोप भी लगाया जिससे आम आदमी की मुश्किलें बढ़ गई। जमीयत नेताओं ने कहा कि रहमान का 31 अक्टूबर को इस्लामाबाद पहुंचने का कार्यक्रम था,



लेकिन काफिले में सैकड़ों की संख्या में वाहनों के होने की वजह से रफ्तार धीमी हो गई इससे देर हुई। मौलाना ने सुक्कूर, मुल्तान, लाहौर और गुजरांवाला के रास्ते अपना सफर तय किया और शुक्रवार को तड़के इस्लामाबाद पहुंचे। उन्होंने रास्ते में अपने समर्थकों को बताया, वह (प्रधानमंत्री खान) चुनावों में धांधली कर सत्ता में आए हैं। उन्हें स्पष्ट संकेत देखने चाहिए और इस्तीफा देना चाहिए वर्ना हम उन्हें बाहर कर देंगे।

**प्रदर्शन मार्च में पीपीपी के सदस्यों ने भी हिस्सा लियाः** आज टीवी को दिए एक साक्षात्कार में रहमान ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री इस्तीफा नहीं देते हैं तो देश में अव्यवस्था फैलेगी। सुरक्षा संस्थाओं के मुताबिक आजादी मार्च में हजारों लोग हिस्सा ले रहे हैं। इस्लामाबाद में यह आंकड़ा और बढ़ गया क्योंकि पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज (पीएमएल–एन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) समेत विपक्षी दलों के समर्थक भी सरकार विरोधी इस प्रदर्शन में शामिल हो गए। यह प्रदर्शनकारी पेशावर मोड के निकट एक विशाल मैदान में रुके हुए हैं जहां विभिन्न राजनीतिक दलों ने अपने कार्यकर्ताओं को ठहराने के लिये तंबू लगा रखे हैं।

**बिलावल भुट्टो ने खान को बताया कठपुतली पीएमः** प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए पीपीपी प्रमुख बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि इमरान खान एक कठपुतली हैं। भुट्टो ने कहा, यह देश अपना सिर एक चयनित प्रधानमंत्री और उसका चयन करने वालों के सामने झुकाने के लिये तैयार नहीं हैं। रहमान ने एक ट्वीट में सभी प्रदर्शनकारियों और विपक्षी नेताओं को उनके समर्थन के लिए शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि यह रैली अब शुक्रवार की प्रार्थना के बाद शुरू होगी और सभी वरिष्ठ विपक्षी नेता इसमें मौजूद होंगे।

**प्रदर्शन को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजामः** इस बीच पाकिस्तानी अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये हैं।

## पीएम मोदी का कदम तारीफ के काबिलः यूएस सांसद होल्डिंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। अमेरिका के एक प्रभावशाली सांसद ने गुरुवार को संविधान के अस्थायी प्रावधानों को हटाते हुए जम्मू–कश्मीर के लिए उठाए गए श्बोल्ड कदमश को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी की तारीफ की। बता दें कि 31 अक्टूबर से जम्मू–कश्मीर और लद्दाख दो अलग–अलग केंद्र शासित प्रदेशों के रूप में अस्तित्व में आ गया, जिसकी घोषणा 5 अगस्त को की गई थी। सरकार ने राज्य से विशेष दर्जा हटाते हुए उसे दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया था।

सांसद जॉर्ज होल्डिंग ने सदन में गुरुवार को कहा, पीएम नरेंद्र मोदी और संसद ने जो कदम उठाएं हैं वे जरूरी थे। ये क्षेत्र में दीर्घकालीन स्थिरता के लिए जरूरी हैं और उनकी प्रशंसा होनी चाहिए।

रिपब्लिकन सांसद ने कहा कि भारतीय संसद ने जम्मू–कश्मीर के स्टेटस में बदलाव करने वाले प्रस्ताव को पारित किया और प्रावधानों को बदला जो कि आर्थिक विकास में बाधा थे और अलगाववाद की भावना को बढ़ावा दे रहे थे। उन्होंने कहा, हाल के वक्त तक कश्मीर में आर्टिकल 370 के तहत शासन होता आया है, जो कि कानून का पुराना प्रावधान था और भारतीय संविधान के अनुसार अस्थायी व्यवस्था थी।



## पाकिस्तान पर लटकी एफएटीएफ की तलवार से तिलमिलाया है चीन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पेरिस में 13–18 अक्टूबर 2019 के बीच हुई एफएटीएफ की बैठक में पाकिस्तान को फरवरी 2020 तक के लिए ग्रे–लिस्ट में रखने का फैसला लिया था। इस फैसले से पाकिस्तान का नाखुश होना लाजिमी था। हालांकि, इस फैसले का सबसे ज्यादा असर चीन पर दिखाई दिया है। दरअसल, वह इस फैसले से बौखलाया हुआ है। इसी बौखलाहट की वजह से चीन की अनाप–शनाप बयानबाजी भी जारी है। चीन का आरोप है कि भारत और अमेरिका एफएटीएफ का राजनीतिकरण करने में लगे हुए हैं। चीन की सच्चाई उस वक्त होंठों पर आ गई जब कहा गया कि यह दोनों मिलकर पाकिस्तान को एफएटीएफ के जरिए ब्लैकलिस्ट करने में लगे हुए हैं, जिसको वो कभी सफल नहीं होने देगा।

## करतारपुर कॉरिडोरः पाक सरकार ने कहा, उद्घाटन के दिन शुल्क नहीं लेंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। करतारपुर आनेवाले तीर्थयात्रियों से शुल्क वसूलने के फैसले को लेकर पाकिस्तान सरकार की आलोचना के बाद अब पीएम इमरान खान ने एक दिन के लिए छूट देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा है कि उद्घाटन के दिन और गुरु नानक देव की 550वीं जयंती पर श्रद्धालुओं से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। पाकिस्तान यात्रियों से 20 डॉलर (करीब 1400 रुपये) सेवा शुल्क वसूलने पर अड़ा हुआ है।

करतारपुर गलियारे से पाकिस्तान को हर महीने करीब 30 लाख डॉलर तक की कमाई हो सकती है। इसके अलावा

**भारत से आने वाले तीर्थयात्रियों से 1400 रुपये शुल्क लेगा पाक**

पाकिस्तान सरकार ने भारत से करतारपुर की तीर्थयात्रा के लिए आने वाले सिखों के लिए पासपोर्ट की अनिवार्यता खत्म कर दी है। पाक पीएम ने कहा है कि पासपोर्ट जरूरी नहीं, सिर्फ एक वैध आईडी से काम चल जाएगा। साथ ही तीर्थयात्रियों को अब 10 दिन पहले पंजीकरण भी नहीं कराना होगा। आपको बता दें कि 9 नवंबर को करतारपुर कॉरिडोर का उद्घाटन किया जाएगा।

पाकिस्तान ने इसके लिए कांग्रेस के नेता नवजोत सिंह सिद्धू को भी निमंत्रण भेजा है, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया



है। 12 नवंबर को गुरु नानक का 550वां प्रकाश पर्व मनाया जाएगा।

गौरतलब है कि सिखों के प्रथम गुरु गुरुनानक देव ने करतारपुर साहिब में अपने जीवन के 18 साल बिताए। श्री करतापुर साहिब गुरुद्वारे को पहला गुरुद्वारा माना जाता है जिसकी नींव गुरु नानक देव ने रखी थी। हालांकि बाद में रावी नदी में बाढ़ के कारण यह बह गया था। इसके बाद वर्तमान गुरुद्वारा महाराजा रंजीत सिंह ने बनवाया था।

### तुर्की ने छोड़े सीरिया के 18 सैनिक, सीमावर्ती शहर से पकड़े गए थे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्तांबुल। तुर्की ने गुरुवार को उन 18 सीरियाई सैनिकों को छोड़ दिया जिन्हें सीमावर्ती शहर में पकड़ा गया था। तुर्की के रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। सैनिकों को छोड़ने से पहले रूस से इस मुद्दे पर वार्ता हुई। तुर्की के रक्षा मंत्रालय ने ट्वीट किया, 29 अक्टूबर को पकड़े गए सैनिकों को रूसी अधिकारियों के साथ हुई बातचीत के बाद छोड़ दिया गया। पूर्व में तुर्की के रक्षा मंत्री हुलुसी अकार ने कहा था कि पकड़े गए 18 सैनिकों में से दो का अस्पताल में इलाज चल रहा है। तुर्की ने मंगलवार को सीमावर्ती शहर रास–अल–ऐन के पास 18 सैनिकों को पकड़ा था। उसके बाद अधिकारियों द्वारा उनके सरकारी सैनिक होने की जांच की गई। राष्ट्रपति रेसेप तैयब एर्दोगन बार बार कहते रहे हैं कि तुर्की कुर्द लड़ाकों को आतंकवादी मानता है और उन्हें वर्दी पहन कर सीरिया–तुर्की सीमा पर नहीं रहने देगा। सीरियाई कुर्द लड़ाकों को सीमा से पीछे करने के लिए पिछले महीने तुर्की ने अमेरिका और रूस के साथ समझौते किए।